एक नजर में

## स्पंदन डॉक्टर्स कल्चरल ग्रुप की संगीत निशा



इंदौर. लोकमान्य नगर भगिनी मंडल द्वारा आयोजित कार्यक्रम में, रीति-रिवाज के अनुसार अश्विन मास मे पूर्ण रुप से चमकते चांद की चांदनी में मां लक्ष्मी और श्री कृष्णकी भक्ति के साथ प्रारंभ हुआ स्पंदन ग्रुप का संगीत कार्यक्रम. समाज के अच्छे स्वास्थ्य और प्रेम की कामनाओं से ईश्वर की आराधना की गई. रात, चांद, चांदनी शीर्षको पर आधारित गीतो का चयन किया गया. शरद पूर्णिमा की भावना को और भी बढ़ाते हैं।संगीत की मधुर ध्वनि और चांदनी की सुंदरता ने एक अद्वितीय वातावरण बनाया. आरंभ ओंकारस्वरूपा गणेश वंदना से हुआ, इसके बाद चाँद छुपा बादल में, आओ तुम्हें चांद पर ले जाए, जूनली रात मा, आओ हुजूर तुमको, रात के हमसफर, धीरे धीरे चल चांद गगन, चांद सिफारिश, बदन पर सितारे, रात अकेली हैं जैसे 24 गीतों की माला प्रस्तुत हुई. कार्यक्रम में भाग लेने वाले डॉक्टर्स थे. डॉक्टर मनोज भटनागर, डॉक्टर संजय कुमार लोंढे, डॉ अमित वर्मा, डॉ अतुल भट्ट, डॉ प्रशांत निवालकर, डॉ पिनाक भटनागर, डॉ रूचि शाह, डॉ निकिता भटनागर, डॉ सुरेखा सोनी, डॉ पूनम नेवालकर, डॉ मून जैन. संचालन किया डॉ संजय लौंढे ने. संगीत संयोजन कपिल राठौर और अभिजीत गौड़ का था. अध्यक्ष मंगला फडके व सचिव अपर्णा भागवत ने किया.

## महर्षि वाल्मीकि प्रकटोत्सव हर्षो उल्लास से मनाया



इंदौर. शहर वाल्मीक पंचायत के संगठन मंत्री चौधरी वीरेंद्र सिंह लोट एवं अध्यक्ष राहुल राठौर ने बताया कि इंदौर शहर वाल्मीक पंचायत एवं अखिल भारतीय वाल्मीक समाज विकास परिषद् म. प्र. के संयुक्त तत्वावधान में 80वां आराध्य महर्षि वाल्मीकि का प्रकटोत्सव अहिंसावादी वाल्मीक समाज की और से हर्षो उल्लास और धूमधाम के साथ राष्ट्रीय एकता के अनुसार मनाया गया. प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी पंचायत की ओर से मध्य प्रदेश के नगरीय प्रशाशन मंत्री कैलाश विजयवर्गीय एवं विधायक रमेश मेंदोला को परम्परानुसार रामायण महाकाव्य की प्रति भेंट की गयी. परिषद् एवं पंचायत द्वारा मंत्री जी एवं विधायक जी का भगवा पट्टी पहनाकर स्वागत किया गया. परिषद् एवं पंचायत की और से अखिल भारतीय वाल्मीक समाज विकास परिषद के राष्ट्रीय सचिव भूपेंद्र सिंह लोट, पंचायत के अध्यक्ष राहुल राठौर, उपाध्यक्ष माला प्याल, संगठन मंत्री चौधरी वीरेंद्र सिंह लोट, कोषाध्यक्ष रवि बिलरवान एवं सदस्य रवि सुनहरे, नविन चीराउंडे, अजय हाडे, निर्मला लोट, वर्षा बिलरवान, बिंदु वेद, भावना राठौर, अमित बिलरवान, ऋषभ बालोदरा, रोहित राठौर एवं अन्य गणमान्य लोगो की उपस्थिति रही.

## संत प्रभु नागर की भागवत कथा 6 नवंबर से

इंदौर. मालव माटी के सपूत, माँ सरस्वती के वरद पुत्र एवं 200 गौशालाओं के संचालक गुरुदेव संत ी कमलकिशोर नागर के सुपुत्र संत श्री प्रभु नागर की श्रीमद्भागवत कथा ज्ञानयज्ञ का आयोजन आगामी 6 से 12 नवंबर तक श्री अन्नपूर्णा मंदिर, इंदौर में किया जा रहा है. यह जानकारी देते हुए श्रीमद्भागवत कथा के आयोजक एवं मुख्य यजमान सुरेश अग्रवाल ने बताया कि श्री अन्नपूर्णा आश्रम ट्रस्ट के अध्यक्ष महामंडलेश्वर स्वामी श्री विश्वेश्वरानन्द गिरीजी के सानिध्य में एवं स्वामी जयेन्द्रानन्द गिरीजी के सम्मुख 6 नवंबर 2025 से प्रारम्भ होने वाली भागवत कथा का समय दोपहर 12 से 3 बजे तक रहेगा । 06 नवंबर 2025 को प्रातः 10 बजे शोभायात्रा श्री अन्नपूर्णा मंदिर से कथा स्थल तक पंहुच कर कथा का शुभारंभ होगा. सम्पूर्ण भागवत कथा ज्ञानयज्ञ सप्ताह में संत श्री प्रभु नागरजी के मुखारविंद से पवित्र भारत भूमि पर रची हुई श्रीमद्भागवत कथा का रसपान कराया जावेगा . 9 नवंबर को श्रीकृष्ण जन्मोत्सव मनाया जाएगा.

## लोक नायक जे .पी . की जयंती पर विशेष व्याख्यान 11 को

इंदौर. लोक नायक जयप्रकाश नारायण एवं भाजपा के वरिष्ठ नेता नानाजी देशमुख की जयंती के अवसर पर 11 अक्टूबर को दोपहर 3 बजे जावरा कम्पाउंड स्थित भाजपा कार्यालय पर लोकतंत्र सेनानी एवं प्रहरी संघ के तत्वावधान में व्याख्यान का आयोजन रखा गया है।संघ के अध्यक्ष गिरीश शर्मा आदित्य ने बताया कि इस अवसर पर सांसद शंकर लालवानी के मुख्य आतिथ्य एवं गांधीवादी विचारक अनिल त्रिवेदी की अध्यक्षता में भाजपा के चिंतक और विचारक बाबू सिंह रघुवंशी मुख्य वक्ता के रूप में शामिल होंगे।संघ के सभी सदस्यों को इस आयोजन का खुला न्यौता दिया गया है.

## कन्याओं को पुरस्कार वितरण, पदयात्रियों का सम्मान



इंदौर. राष्ट्रीय सनातन संघ, कट्टर हिन्दू संगठन, कट्टर हिन्दू संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष व आयोजक पं तरुण व्यास महाराज द्वारा आयोजित प्रदेश की ऐतिहासिक इंदौर से देवास 13 वीं निःशुल्क पदयात्रा व भव्य शोभायात्रा के दौरान 101 कन्याओ का पुरस्कार वितरण का समारोह बड़ा गणपति पर आयोजित किया. इसी उपलक्ष्य मे शरद पूर्णिमा के पावन अवसर पर जो बालिकाएं पुरस्कार वितरण मे वंचित रह गई थी उन्हें भोलेनाथ कॉलोनी मे समय महामाई की आरती के पश्चात राष्ट्रीय सनातन संघ के मुख्य संरक्षक इंदौर के लोकप्रिय सांसद शंकर लालवानी व संरक्षक पं योगेंद्र महंत राष्ट्रीय अध्यक्ष विश्व ब्राह्मण समाज व पूर्व राज्यमंत्री म.प्र शासन एवं संध्या यादव दीदी नगर निगम अपील समिति सदस्य व पार्षद के मार्गदर्शन में एवं राष्ट्रीय सनातन संघ कट्टर हिंदू संगठन के मध्य प्रदेश अध्यक्ष अनंत योगेंद्र महंत एवं संगठन व समाज के पदाधिकारियों की गरिमामय उपस्थिति मे पुरस्कृत किया गया. साथ ही इंदौर से देवास यात्रा मे रास्ते की व्यवस्था मे सहयोग करने वाले सहयोगियों व पदयात्रियों का सम्मान किया गया. गरबा मंडल की नन्ही कन्याओ व मातृशक्तियों द्वारा विशेष गरबो की प्रस्तुति दी गई व गौमाता को राष्ट्रीय माता बनाने के लिए संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष पं तरुण व्यास महाराज द्वारा शपथ दिलवाई गई. संघ के म.प्र प्रचारक पं रवि शर्मा व प्रमुख प्रभारी नितिन पालीवाल व राहुल जोशी ने बताया कि इस कार्यक्रम में राष्ट्रीय सनातन संघ, कट्टर हिन्दू संगठन की महिला मंडल की प्रमुख मार्गदर्शक नारायणी बाई व्यास व प्रमुख व्यवस्थापक कृष्णा चंदन व्यास, प्रेमलता जोशी, कृष्णा बागोरा, कौशल्या व्यास, शोभा जैन, अंजू सोलंकी, ज्योति नामदेव, पूजा जैन, करिश्मा भांदडुलकर, सरोज दुबे व राधा मीणा सहित कार्यकारिणी व रहवासीगण उपस्थिति थे.

# तय समय में पूरे हों काम, निर्माण कार्य की रफ्तार बढ़ाएं

▶ रेल प्रोजेक्टों की समीक्षा बैठक में मंत्री-सांसद सख्त



नव भारत न्यूज

**इंदौर. इंदौर और आसपास के रेल प्रोजेक्टों की समीक्षा को लेकर बुधवार को रेसीडेंसी कोठी में हुई बैठक में केंद्रीय मंत्री सावित्री ठाकुर और सांसदों ने अफसरों को निर्माण कार्य की रफ्तार बढ़ाने के निर्देश दिए. बैठक में इंदौर-दाहोद रेल लाइन, धार रेलवे स्टेशन, इंदौर रेलवे स्टेशन पुनर्निर्माण और लक्ष्मीबाई नगर स्टेशन सहित अन्य परियोजनाओं पर चर्चा हुई.**

केंद्रीय मंत्री सावित्री ठाकुर ने इंदौर-दाहोद रेल लाइन और धार रेलवे स्टेशन के काम में तेजी लाने के निर्देश दिए. उन्होंने कहा कि विकास से जुड़े इन कार्यों में किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी. राज्यसभा सांसद सुमेर सिंह सोलंकी ने बैठक में खरगोन-खंडवा-अलीराजपुर रेलवे लाइन का मुद्दा उठाते हुए कहा कि यह रेल लाइन आदिवासी अंचल की जीवनरेखा बनेगी. इसके पूरा होने से क्षेत्र के आर्थिक और सामाजिक विकास को नई गति मिलेगी. सांसद शंकर लालवानी ने इंदौर रेलवे स्टेशन पुनर्निर्माण की धीमी गति पर सवाल उठाया. उन्होंने पूछा कि क्या निर्माण कार्य तीन साल में पूरा हो पाएगा, क्योंकि सिंहस्थ मेले के दौरान स्टेशन पर यात्रियों की संख्या कई गुना बढ़ जाएगी. इस पर अधिकारियों ने बताया कि स्टेशन की पुरानी बिल्डिंग तोड़ने का काम चल रहा है. मुख्य हिस्से का निर्माण मेले से पहले पूरा कर लिया जाएगा ताकि ट्रेनों के संचालन में बाधा न आए. अधिकारियों ने बताया कि लक्ष्मीबाई नगर स्टेशन का काम तब तक पूरा हो जाएगा, जिससे वहां से उज्जैन के लिए ट्रेनों का संचालन किया जा सकेगा.

### रीगल ब्रिज के अलावा नया ब्रिज भी बनाएं

सांसद लालवानी ने यह भी सुझाव दिया कि रीगल ब्रिज के अलावा एक नया ब्रिज भी बनाया जाए, ताकि भविष्य में रेलवे स्टेशन का विस्तार पार्क रोड चौराहे तक होने पर ट्रैफिक व्यवस्था प्रभावित न हो . उन्होंने कहा कि रेलवे स्टेशन के निर्माण के साथ ही इस पुल की प्लानिंग कर ली जाए . बैठक में रेलवे और प्रशासनिक अधिकारियों ने प्रोजेक्टों की वर्तमान स्थिति की जानकारी दी और कहा कि कार्यों को तय समयसीमा में पूरा करने के प्रयास किए जा रहे हैं .

## राष्ट्र प्रेम की शुरूआत छात्र जीवन से होती

### आरोग्य मित्र कार्यशाला का आयोजन

**इंदौर.** आरोग्य भारती इंदौर महानगर द्वारा मालवा प्रान्त की कार्यकारिणी के दिशा-निर्देश में आज आरोग्य मित्र कार्यशाला का आयोजन किया गया. कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में राष्ट्रीय संगठन सचिव डॉ. अशोक कुमार वार्ष्णेय का मार्गदर्शन प्राप्त हुआ. दो सत्रों में सम्पन्न इस कार्यशाला में भोलानाथ जी मध्य क्षेत्र संयोजक, प्रांतीय अध्यक्ष, कार्याध्यक्ष, उपाध्यक्ष एवं सचिव ने भी अपने विचार रखे.

कार्यशाला में इंदौर के 17 विद्यालयों एवं महाविद्यालयों के कुल 267 छात्र-छात्राओं ने अपने शिक्षकों व प्राध्यापकों के साथ सक्रिय सहभागिता की. कार्यक्रम की अध्यक्षता मेजर डॉ. अनामिका जैन, प्राचार्य, शासकीय होल्कर विज्ञान महाविद्यालय, इंदौर ने की और उन्होंने अपने प्रेरक विचार साझा किए. कार्यशाला का संयोजन डॉ. संध्या चौकसे, प्रांतीय महिला कार्य प्रमुख, आरोग्य भारती द्वारा किया गया. डॉ. अशोक कुमार वार्ष्णेय ने अपने उद्बोधन में कहा कि छात्र जीवन वह आधार है जहाँ से स्वास्थ्य, अनुशासन और राष्ट्रप्रेम की शुरुआत होती है. प्रत्येक विद्यार्थी को अपने साथियों में स्वास्थ्य जागरूकता फैलाने का




संकल्प लेना चाहिए. इन कार्यक्रमों में 4 सेवा बस्तियों, 5 महाविद्यालयों और 11 विद्यालयों को जोड़ा गया है. अभियान के माध्यम से लगभग 15 नए चिकित्सक एवं विषय विशेषज्ञ भी आरोग्य भारती परिवार से जुड़े हैं, जिन्होंने स्वास्थ्य, जीवनशैली, पोषण, तनाव-प्रबंधन, मानसिक स्वास्थ्य, और स्वच्छता जैसे विषयों पर विद्यार्थियों को मार्गदर्शन दिया.



## अण्णा महराज का अवतरण दिवस मनाया

**इंदौर.** सद्गुरु अण्णा महाराज के अवतार दिवस समाहरोह पूर्वक मनाया गया. सामाजिक और आध्यात्मिक गुरु अण्णा महाराज के प्रकल्प सामजिक और सांस्कृतिक संरक्षण और संवर्धन के साथ जनकल्याण और मानवता के उत्थान का संदेश देते है. अण्णा महाराज ने कहा कि परिवार में रहकर उसके अनुशासन में जीवन को ढालना की सामाजिक स्वतंत्रता की ओर ले जा सकता है. पूर्व लोकसभा स्पीकर सुमित्रा महाजन ने अपने उद्बोधन में कहा कि हम अपने ही स्वार्थ के लिए ऐसे सद्गुरु की लंबी उम्र की कामना करते है जो हमें सही राह दिखाता है. आपने बताया की माँ अहिल्या देवी के जन्मोत्सव के पूर्व पार्थिव शिवलिंग की पूजा करने की पहल अण्णा महाराज ने ही की है जो अहिल्या माता की जीवनशैली से थी. संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार सदस्य डॉ. भरत शर्मा ने कहा कि राष्ट्र, संस्कृति, समाज, अध्यात्म और प्रकृति के विभिन्न पहलुओं को रेखांकित करते हुए अनूठे पहल किए सद्गुरु अण्णा महाराज द्वारा किए जाते रहे है जो भारत के विश्वगुरु होने के कारक का प्रेरक है. इस अवसर पर सांसद शंकर, लालवानी, विधायक मधु वर्मा, पूर्व सांसद कृष्ण मुरारी, समाजसेवी अशोक गोयल, समाजसेवी, हरि अग्रवाल, वरिष्ठ पत्रकार महेंद्र सोनगिरा, पीयूष पारे, उद्योगपति राकेश खंडेलवाल, वरिष्ठ अधिवक्ता तनुज दीक्षित, संगीतज्ञ शोभा चौधरी, वीरेंद्र पौराणिक सहित कई शिष्य और गणमान्य नागरिक ने अण्णा महाराज को जन्मदिन की बधाई प्रेषित की.

# दुर्लभ मनुष्य जीवन को सकारात्मक ऊर्जा से लबरेज बनाएं

▶ विश्व विख्यात नारायण रैकी सत्संग परिवार मुंबई की संस्थापक राज दीदी का प्रेरक व्याख्यान




**इंदौर. ईश्वर ने दुर्लभ मनुष्य जीवन तो दिया ही है, जुबान पर लक्ष्मी और कंठ में सरस्वती का वास भी इसलिए दिया है कि हम अपनी वाणी का उपयोग निंदा, चुगली, आत्म प्रशंसा, झूठ और अन्य अनैतिक कार्यों के बजाय अपने तन, मन, धन और रिश्तों को पवित्र एवं मजबूत बनाने के लिए करें, लेकिन विडंबना यह है कि हम इन सब बुराइयों में डूबकर स्वयं का नुकसान कर रहे हैं. हमारी सोच नकारात्मक हो गई है. समय रहते हम ईश्वर द्वारा प्रदत्त अंगों से सदगुणों को आत्मसात करें तो जीवन में बहुत कुछ बदलाव आ सकता है. हम जुबान और कंठ का सदुपयोग कर इस मनुष्य जीवन को सकारात्मक ऊर्जा से लबरेज बना सकते हैं.**

विश्व विख्यात नारायण रैकी सत्संग परिवार मुंबई की संस्थापक और प्रख्यात रैकी विशेषज्ञ और राज दीदी के नाम से प्रख्यात राजेश्वरी मोदी ने मंगलवार को अग्रवाल समाज इंदौर फाउंडेशन एवं नारायण रैकी सत्संग परिवार इंदौर की मेजबानी में रवीन्द्र नाट्य गृह में आयोजित अपने प्रवचन और व्याख्यान कार्यक्रम के दौरान ऐसी अनेक बातें कही, जो व्यक्ति के जीवन को सक्षम और संपन्न बना सकती हैं. वरिष्ठ समाजसेवी विनोद-नीना अग्रवाल, प्रेमचंद गोयल, कृष्णा-विजय गोयल, विष्णु बिंदल, प्रेमलता टीकमचंद गर्ग, श्याम सिंघल, अजय मंगल, राजेन्द्र समाधान, अरविंद वेल्युअर एवं सत्संग परिवार इंदौर केन्द्र की प्रमुख धनश्री दीदी ने दीप प्रज्वलन कर इस दिव्य आयोजन का शुभारंभ किया. प्रारंभ में फाउंडेशन की ओर से किशोर-रेखा गोयल, संजय-रेखा बांकड़ा, नितिन खंडेलवाल आदि ने दुपट्टा एवं गुलदस्ता भेंटकर राज दीदी का स्वागत किया. अतिथि परिचय किशोर गोयल ने दिया.

### सम्मान देने की भावना रखें

राज दीदी ने परिवार को खुशहाल और सम्पन्न बनाने का एक और मंत्र दिया, उन्होंने कहा कि बहू और बेटी यदि परिवार में रहकर सास, ननद, जेठानी, और घर के अन्य सदस्यों से प्राथमिकता के आधार पर सम्मान देने की भावना रखे और उन्हें प्रसन्न तथा संतुष्ट रखें तो आपके परिवार में धन की वृद्धि भी होगी और मानसिक तनाव से भी मुक्ति मिलेगी . बेईमानी, चोरी-चकारी और अन्य गलत तरीकों से हड़पी या चुराई हुई कोई चीज भी घर में नहीं लाना चाहिए . जीवन को संवारने के ऐसे छोटे-छोटे अनेक मंत्र हैं, जिनकी मदद से हम स्वयं को एक श्रेष्ठ और सभ्य के साथ-साथ जिम्मेदार नागरिक भी बना सकते हैं .

# शादी उद्योग में काम करने वाली महिला उद्यमियों को बढ़ावा दिया

### फलों इंदौर ने किया शादीबिज इवेंट का आयोजन



**इंदौर. फ्लो इंदौर अपने अनोखे और मददगार इवेंट्स से कम्युनिटी को मजबूत करने और महिलाओं को ताकत देने के लिए हमेशा आगे रहता है. इसी मजबूत विरासत को आगे बढ़ाते हुए, फ्लो इंदौर ने शादीबिज का आयोजन किया - इंदौर का पहला ऐसा वेडिंग एक्सपो, जो ऊर्जा और मकसद से भरा था.**

शादीबिज का मुख्य फोकस था - शादी उद्योग में काम करने वाली प्रतिभाशाली महिलाओं के लिए नई संभावनाएं पैदा करना. ये उद्योग भारत की खुशहाल उत्सवों जितना ही बड़ा और रंगीन है. डिजाइनर, जो आकर्षक ब्राइडल कपड़े बनाती हैं, ज्वेलर्स जो चमकदार हेयरलूम ज्वेलरी तैयार करती हैं, गिफ्टिंग और पैकेजिंग की एक्सपर्ट्स जो सरप्राइज का टच देती हैं, ट्रैवल प्रोफेशनल्स जो शादी के लिए परफेक्ट ट्रिप प्लान करती हैं, और आर्टिस्ट्स जो बैंगल मेकिंग और मेहंदी डिजाइन जैसी क्राफ्ट्स से जादू बुनती हैं - फ्लो इंदौर ने इन्हें जीवंत स्टॉल्स पर जगह दी.

यहां ये उद्यमी अपनी चीजें दिखा सकीं, मेहमानों से बात कर सकीं, नेटवर्क बन सकीं और तुरंत ऑर्डर ले सकीं. लगभग 450 सदस्य अपने बेस्ट ड्रेस में पहुंचे. मजेदार ट्विस्ट के लिए, फ्लो मेंबर्स ने डांस परफॉर्मेंस और शानदार रनवे परेड से स्टेज पर धमाल मचाया. उन्होंने हल्दी के लिए पीले रंग के कपड़े, मेहंदी के लिए हरी ड्रेस, कॉकटेल के लिए ग्लैमरस लुक, संगीत के लिए फेस्टिव स्टाइल और बारात के लिए राजसी परिधान पहना।

### एकजुट होकर कुछ भी कर सकते हैं

फ्लो इंदौर की चेयरपर्सन सीए श्वेता अग्रवाल ने कहा जब हम असली बदलाव के लिए एकजुट होते हैं, तो हम बहुत कुछ कर सकते है . ये शादी की दुनिया की महिला उद्यमियों को हमारा गिफ्ट है- बड़े जीत की ओर अवसर, स्टेडी ग्रोथ और चमकदार फ्यूचर . फ्लो इंदौर रुकने वाला नहीं; हम ऐसे और इवेंट्स प्लान करते रहेंगे, ताकि महिलाओं को ऊंचा उठाएं, आइडियाज जगाएं और मजबूत कल बनाएं .

## समूह व युगल गरबा में हर कोई झूम उठा

**इंदौर.** ब्राह्मण सेवा संगठन के प्रेम सेतु युगल बंधन प्रकल्प एवं अन्य सभी प्रकल्पों के सहयोग से बरसाना गार्डन पर एक दिवसीय रंगारंग गरबा महोत्सव का दिव्य आयोजन सौल्लास संपन्न हुआ.

संगठन के अध्यक्ष पं. सत्येन्द्र शर्मा एवं नीलाभ सुगंधी ने बताया कि पं. सुनील शर्मा म्युजिकल समूह के सदस्यों ने अपनी संगीतमय प्रस्तुतियों से भजनों एवं गरबों का ऐसा समां बांधा कि हर कोई झूम उठा. इस अवसर पर समूह गरबा और युगल गरबा के भी आयोजनों से मां जगदम्बा की सामूहिक आराधना भी की गई. कार्यक्रम में संगठन के संरक्षक अनुपम तिवारी, यश शुक्ला, विकास अवस्था, अनूप शुक्ला, चंद्रमोहन दुबे, संजय मिश्रा, राजेन्द्र शर्मा, राजेश हरदेनिया, के आतिथ्य में श्रेष्ठ गरबा करने वाले प्रतिभागियों का सम्मान कर उनका उत्साहवर्धन भी किया गया. मुख्य अतिथि पं. अनुपम तिवारी ने इस अवसर पर 19 फरवरी को संगठन की ओर से 21 जोड़ों को सामूहिक विवाह का संकल्प भी व्यक्त किया. कार्यक्रम का संयोजन सावन-पूजा मिश्रा, अंकित-मोना शर्मा, राहुल-निधि शर्मा, महेन्द्र-बबीता शर्मा ने किया. अंत में पं. नगेन्द्र-टीना जोशी ने आभार माना.






## गरबा करने वाली बालिकाएं पुरस्कार

**इंदौर.** जगत जननी माँ भवानी की आराधना का एक माध्यम गरबा भी है। छोटी बालिकाये देवी दुर्गा का सुंदर रूप है. यह बात महंत मंगलदास महाराज खाकी ने गरबा बालिकाओ को पुरस्कार वितरित करते हुए कही. आयोजन श्री मानस गरबा मंडल ने नवरत्न बाग स्थित श्री विजय मारुति हनुमान मन्दिर में किया था. विशेष अतिथि राधा सुशील उपाध्याय थी. उन्होंने भी बालिकाओ को पुरस्कार बांटे. मीना राणा शाह ने बताया कि 121 बालिकाओं ने सामूहिक रूप से गरबे की सुंदर प्रस्तुति भी दी. प्रवीण जोशी ने बताया कि यह आयोजन 23 वर्षो से लगातार हो रहा है और केवल छोटी बालिकाये ही गरबा करती है.

एक नजर में ▶ अखंड धाम आश्रम के ब्रह्मलीन संत वेदांत केसरी लक्ष्मणानंद महाराज की पुण्यतिथि पर पुष्पांजलि सभा

# शरीर भले ही नश्वर हो, सदकर्म अमर ही रहते हैं

**इंदौर. जीवन में कर्मों की श्रेष्ठता ही हमारे चरित्र का निर्धारण करती हैं. मनुष्य का शरीर भले ही नश्वर हो, लेकिन उनके द्वारा किए गए सदकर्म अमर ही रहते हैं. अखंड धाम के ब्रह्मलीन वेदांत केसरी स्वामी लक्ष्मणानंद महाराज ने जीवन पर्यंत अपने सेवा कर्मों से पीड़ित मानवता की सेवा के साथ ही समाज को धर्म और संस्कृति से भी जोड़े रखा. उनकी 21वीं पुण्यतिथि के अवसर पर आज उनका पुण्य स्मरण इसलिए भी किया जाना चाहिए कि उन्होंने समाज और सनातनी संस्कृति को मजबूत बनाने की प्रेरणा और ऊर्जा प्रदान की है.**



बिजासन रोड स्थित अविनाशी अखंड धाम आश्रम पर बुधवार को वेदांत केसरी स्वामी लक्ष्मणानंद महाराज की 21वीं पुण्यतिथि महामंडलेश्वर डॉ. स्वामी चेतन स्वरूप महाराज के सानिध्य एवं साध्वी आदित्य चेतना गिरि, नर्मदा तट से आए संत भिखारी बाबा के विशेष आतिथ्य में हवन-पूजन व पुष्पांजलि के साथ मनाते हुए उपस्थित संतों-महंतों ने उक्त विचार व्यक्त किए. समाजसेवी किशोर गोयल, अशोक गोयल, शैलेन्द्र मित्तल (उज्जैन), सीए विजय गोयनका एवं जानकीलाल सांखला विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित थे. इस अवसर पर आश्रम की प्रबंध समिति के अध्यक्ष हरि अग्रवाल, भावेश दवे, रणधीर दग्दी, ठा. विजयसिंह परिहार आदि ने अतिथियों का स्वागत किया. स्वामी राजानंद, ठा. विजयसिंह परिहार एवं अन्य वक्ताओं ने उनसे जुड़े प्रेरक संस्मरण सुनाए.

### अखंड वेदांत संत सम्मेलन की तैयारियों पर चर्चा

पुष्पांजलि के पश्चात अखंड वेदांत संत सम्मेलन के 4 दिसम्बर से प्रारंभ होने वाले आयोजन की तैयारियों पर भी विचार-मंथन किया गया . महिला समिति की ओर से श्रीमती ज्योति श्रीवास्तव, वर्षा जैन, श्रद्धा सुमन सेवा समिति के शंकरलाल वर्मा, डॉ . चेतन सेठिया, निरंजन पुरोहित, जगदीश गुप्ता, राहुल शर्मा, नरसिंह सांखला, किशोर सांखला ने भी अपने विचार और सुझाव व्यक्त किए . बड़ी संख्या में उपस्थित संत-महंत एंव विशिष्ट अतिथियों ने संत सम्मेलन की तैयारियों पर अपने सुझाव रखे . संचालन हरि अग्रवाल ने किया और आभार माना परीक्षित पवार ने .